**प्रेस विज्ञप्ति**

# इरेडा  ने "इंटरसोलर यूरोप 2023" में सतत विकास के लिए प्रतिबद्धता प्रदर्शित की




भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था (इरेडा) ने म्यूनिख, जर्मनी में दिनांक  14 से 16 जून, 2023 तक आयोजित तीन दिवसीय "इंटरसोलर यूरोप 2023" प्रदर्शनी में भाग लिया। इस कार्यक्रम में इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास द्वारा  पवेलियन का उद्‌घाटन किया गया जोकि  संगठन की एक महत्वपूर्ण उपस्थिति को चिह्नित करता है।

इरेडा के सीएमडी ने कहा कि "इंटरसोलर यूरोप ने इरेडा को नवीकरणीय ऊर्जा वित्तपोषण डोमेन में हमारी उपलब्धियों और विशेषज्ञता को प्रदर्शित करने के लिए एक मूल्यवान अवसर प्रदान किया। हम इस प्रतिष्ठित प्रदर्शनी का हिस्सा बनकर खुश हैं और इसने हमें सहयोग को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक हितधारकों के साथ जुड़ने विचारों का आदान-प्रदान करने  और एक हरित और अधिक टिकाऊ भविष्य की बदलाव की दिशा की ओर ले जाने की संभावना दी है।"

इरेडा पवेलियन के आगंतुकों को अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के वित्तपोषण, ऊर्जा दक्षता को बढ़ावा देने और भारत में आरई क्षेत्र के विकास का समर्थन करने में इरेडा की पहल के बारे में जानने का अवसर मिला। इस पवेलियन ने इरेडा के साथ नेटवर्किंग और संभावित व्यावसायिक अवसरों की खोज के लिए, विशेष रूप से इरेडा के एनर्जी ट्रांजिशन और प्रारंभिक  पब्लिक ऑफरिंग (आईपीओ) योजना के महत्वपूर्ण समय में एक प्लैटफॉर्म के रूप में भी काम किया ।






इरेडा के टीम ने केएफडब्ल्यू टीम के साथ बैठक की, जिसमें वर्तमान की क्रेडिट लाइन, तकनीकी सहायता की प्रगति की समीक्षा की गई और नई और उभरती आरई प्रौद्योगिकियों का समर्थन करने के लिए संभावित भविष्य के सहयोग पर चर्चा की गई। सहयोग करने के अवसरों का पता लगाने और साझेदारी को आगे बढ़ाने के लिए कॉमर्ज बैंक, जर्मनी के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई। इरेडा के अधिकारियों ने कोन्सटांज में आरसीटी जीएमबीएच का भी दौरा किया और उनके द्वारा अपनी वैश्विक संचालन पर एक संक्षिप्त प्रस्तुति दी गई। आरसीटी जीएमबीएच इंडोसोल सोलर मैन्युफैक्चरिंग प्रोजेक्ट के लिए टेक्नोलॉजी उपलब्धकर्ता है, और परियोजनाओं के लिए टेक्नोलॉजी, माइलस्टोन्स और कैपेक्स/ऑपेक्स के बारे में चर्चा की गई ।



"इंटरसोलर यूरोप 2023" में इरेडा की भागीदारी ने वैश्विक नवीकरणीय ऊर्जा परिदृश्य में योगदान करने और सतत विकास प्रणालियों को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। सहयोगी प्रयासों और अभिनव समाधानों के माध्यम से इरेडा अपने अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।